तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025



14 भानेश्वरी पीएम और हिमांशी बनीं गृहमंत्री



13 शहर में सजी राखियों की दुकान



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# शनिवार की स्कूल समय सारिणी में बदलाव का शिक्षक संघ ने किया विरोध

## एक परिसर में स्थापित स्कूलों के लिए मध्यान्ह भोजन का अलग-अलग समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के पदाधिकारियों ने लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी नए समय सारिणी में शनिवार को शाला संचालन का समय सुबह 10 बजे से 04 बजे तक किए जाने पर विरोध दर्ज करते हुए शनिवार को एक पाली शाला का संचालन पूर्व की भांति प्रातः 7:30 से 11:30 तक किया जाने की मांग की है।

जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, प्रांतीय संगठन सचिव बीरबल देशमुख, जिला संयोजक रामकिशोर खरांशु, कामता प्रसाद साहू, जिला उपाध्यक्ष शिव शांडिल्य, वीरेंद्र देवांगन, पवन जोशी, नीलेश देशमुख, कांतु राम बघेल, जिला सचिव नरेंद्र साहू,

### मध्यान्ह भोजन पर पड़ेगा प्रभाव

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों ने कहा है कि इसी प्रकार नई समय सारिणी में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों को प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत मध्यान्ह भोजन दिया जाता है जिसका समय सभी शालाओं में 1:10 बजे हुआ करता था, जिसे बदलकर प्राथमिक शालाओं के लिए 1:45 बजे से कर दिया गया है, जबकि माध्यमिक शालाओं के बच्चों को पूर्व की भांति 1:10 बजे ही मध्यान्ह भोजन दिया जाएगा। संजय शर्मा ने कहा है कि एक परिसर की शाला में यह अत्यंत अव्यवहारिक व आपत्तिजनक है, मिडिल स्कूल के अपेक्षा—त बड़े बच्चे पहले मध्यान्ह भोजन





करेंगे, तब तक टाइमटेबल के अनुसार छोटे बच्चे इंतजार करेंगे, उसके बाद उसी परिसर के प्रायमरी के छोटे बच्चे मध्यान्ह भोजन प्राप्त करेंगे, प्राथमिक शाला के नन्हे बच्चों को लगभग 45 मिनट अतिरिक्त समय तक भूखा रखने का कोई विशेष कारण समझ नही आता है।

### शिक्षकों में भ्रम की स्थिति

संघ ने कहा कि बैगलेस डे के विस्तृत दिशा निर्देश में प्रति शनिवार छात्र छात्राओं के लिए बैगलेस डे रहेगा, ऐसा बताया गया गया है, जबकि समय सारिणी जो प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं के लिए अलग अलग बनाई गई है उसमें प्रथम व तृतीय शनिवार को सामान्य दिनों की तरह कक्षाएं लगेंगी एवं द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को बैगलेस डे रहेगा ऐसा लिखा गया है। इस प्रकार विभाग द्वारा शिक्षकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न की जा रही है।

जिला कोषाध्यक्ष पवन कुम्भकार ने कहा कि उक्त आदेश एक परिसर की शाला के लिए अत्यंत अव्यवहारिक व आपत्तिजनक समय सारिणी है। शनिवार को स्कूल में योगाभ्यास का यह समय कैसे तय हुआ, एक दिन प्रातःकालीन स्कूल समय सार्थक व रुचिकर होता है, नए निर्देश व समय सारिणी से भ्रम की स्थिति निर्मित हुई है।

शनिवार प्रातः स्कूल होने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना करे योग रहे निरोग की सुचारू एवं लाभदायक संचालन होता है। 10 बजे से शाला संचालित करने पर बच्चे योगाभ्यास से दूर हो जाएंगे, प्रातःकालीन समय व्यायाम, योगाभ्यास, खेलकूद के लिए स्वस्थ्य जीवन के लिए अति श्रेयस्कर होता है।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत



**बालोद**। बाइक के माध्यम से अपने घर जाने के लिए निकले युवक को गुण्डरदेही से दुर्ग मार्ग पर कचांदुर नाला के पास मोटरसाइकिल और कार में टक्कर हो गई। घटना में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम साजा निवासी महावीर ठाकुर 38 वर्ष किसी काम से गुण्डरदेही आया हुआ था, जो वापस अपने घर ग्राम साजा बाइक के माध्यम से लौट रहा था। इसी दौरान कचांदुर के पास पहुंचा था कि तेजरफ्तार कार ने उसे ठोकर मार दी, जिससे युवक बाइक सहित सड़क पर नीचे गिर गया, जहां कार के नीचे आने के कारण युवक को गंभीर चोट लगी और खुन बहने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मार्ग का आवागमन बहाल किया और शव का पंचनामा तैयार कर पीएम के लिए भेज दिया। विदित हो कि लगातार पुलिस की जागरूकता अभियान के बाद भी लोग बिना हेलमेट पहले लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से वाहन चला रहे हैं। तेज रफ्तार के कारण भी दुर्घटना सामने आ रही।

### खड़ी कार को कार ने मारी ठोकर, एक घायल

**बालोद**। दो कारो की टक्कर होने से एक कार मे सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे आस पास के लोगो के द्वारा 108 की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उक्त व्यक्ति का ईलाज जारी है। जहां लापरवाही पूर्वक कार चलाने वाले दूसरे कार चालक के खिलाफ घायल व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त घटना एनएच 930 तांदुला नदी पुल के पास जिला विपणन कार्यालय के सामने की बताई जा रही है। घायल चालक भूपेन्द्र ने पुलिस को बताया कि जिला विपणन कार्यालय के अधिकारी के साथ कार से भिलाई से बालोद पहुंचे थे। तभी वह कार को तांदुला नदी पुल के पास जिला विपणन कार्यालय के सामने खड़ा कर गाड़ी के अंदर बैठा था। इस दौरान दूसरी कार के चालक ने उसके कार के ड्राइवर साइड को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे उसके सीना, सिर, घुटना में चोट लगी है। जिसके बाद उनके बालोद थाने में कार चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281, 184 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## मांग

आंदोलन स्थल पर किसानों के बीच पहुंचा प्रशासन दो दिन में दो ट्रक डीएपी भेजने का दिया लिखित आश्वासन

# खाद के लिए किसानों ने एनएच पर किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा में खाद की किल्लत से नाराज किसानों ने सोमवार सुबह शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर चक्काजाम कर दिया। यह प्रदर्शन करीब दो घंटे तक चला, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

सुबह 9 बजे से ही किसान सोसायटी परिसर में जुटने लगे और खाद की मांग को लेकर आक्रोशित होकर 10.30 बजे बस स्टैंड चौक पहुंचकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैठ गए। किसानों ने आरोप लगाया कि 23 जुलाई से वे धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से कोई जिम्मेदार अधिकारी चर्चा के लिए नहीं पहुंचा।

किसानों ने बताया कि धान की बोआई के एक माह बाद भी सिर्फ 700 बोरी यूरिया खाद उपलब्ध कराया गया, जिससे केवल 200-300 किसानों को ही खाद मिल पाएगा। बाकी किसानों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। अधिकांश किसानों के पास एक बोरा खाद भी नहीं है।

### कुसुमकसा समिति पर 14 पंचायतों के किसान आश्रित

विदित हो कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के अंतर्गत कुल 14 ग्राम पंचायतों के 2,300 पंजीकृत किसान हैं। बोआई के पहले मिलने वाला खाद अब तक नहीं मिलने से किसानों में गहरी नाराजगी है। किसानों की मांग है कि जब तक तीन-चार गाड़ी खाद और नहीं आती, तब तक वितरण न किया जाए। धरना प्रदर्शन में मिथलेश निरोटी, मोहन सिंद्रामे, गणेश सेवता, अनिल सुथार, संजय बेस, योगेंद्र सिन्हा, नितिन जैन, घनश्याम गुनेंद्र, राजू सिन्हा, रोहित मसिया, महेंद्र कुमार, माखन कोठारी, सरजूराम, अमाय नागवंशी सहित सैकड़ों महिला-पुरुष किसान शामिल हुए।


### लिखित में मिला आश्वासन खत्म की हड़ताल

चक्काजाम के दौरान प्रशासन की ओर से सुरेश साहू अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और परमेश्वर यदु कृषि अधिकारी पहुंचे और डीएमओ बालोद द्वारा दो ट्रक यूरिया भेजने की जानकारी दी, लेकिन किसान इस बात पर नाराज हो गए कि खाद की जानकारी अब दी जा रही है, जबकि धरना कई दिन से चल रहा है। करीब 12 बजे डीएमओ सौरभ भारद्वाज मौके पर पहुंचे और दो ट्रक यूरिया एवं एक ट्रक सुपर फास्फेट के आने की जानकारी दी। किसानों ने डीएपी खाद की भी मांग की, जिस पर प्रशासन ने अगले दिन दो ट्रक डीएपी खाद भेजने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने दोपहर 12.30 बजे चक्काजाम समाप्त करने की घोषणा की। धरना स्थल पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य मिथलेश निरोटी ने कहा कि सरकार की विफल कृषि नीति के कारण खाद की यह संकट स्थिति पैदा हुई है। पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने प्रशासन पर किसानों की मांग को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। मोहन सिंद्रामे ने बताया कि खाद की कमी से धान की फसल खराब होने की स्थिति बन गई है। सभा को गणेश सेवता, शिवराम सिंद्रामे, तुलसी मरकाम, घनश्याम गुनेंद्र सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।

# धर्मांतरण के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद की पदयात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ब्लाकों में अवैध प्रार्थना सभाओं, इसाई मिशनरियों के कुछ लोगों द्वारा धर्मांतरण के लिए गैरकानूनी कार्य करने, बढ़ते गौ तस्करी, हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ व देवी प्रतिमाओं को तोड़ने के मामले को लेकर जिले के अंदर हिंदू धर्म समाज आक्रोशित है।



इसके विरोध में विश्व हिन्दू परिषद द्वारा 29 जुलाई को पदयात्रा निकाली जाएगी। परिष द्वारा कहा गया कि प्रशासन के पास लगातार अपनी मांगों व विषयों को उठाने के बाद भी जायज कदम नहीं उठाने से नाराज ग्राम हीरापुर के ग्रामीण व हिंदू समाज को लेकर लंबे समय से कार्य कर रहे विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति संगठन के कार्यकर्ता 29 जुलाई को सुबह 10 बजे से हीरापुर से पैदल यात्रा कर बालोद शहर में प्रवेश करेंगे।ग्राम हीरापुर ग्राम विकास समिति अध्यक्ष हेमंत साहू, कुशल ठाकुर, रमेश निषाद, हेमराज साहू, खिलावन निषाद, शंतानु निषाद, कुबेर निषाद, परमानंद साहू, बिहारी यादव, कुंजलाल साहू, संतराम साहू ने बताया कि बालोद जिला के हीरापुर गांव सहित अन्य स्थानों पर ईसाई मिशनरियों व कुछ धर्मांतरित हिंदू जो अपने आप को ईसाई धर्म के प्रति विश्वासी बताते है। इनके द्वारा गांव में लंबे समय से अपने घरों मे एकत्र होकर अन्य बाहर से लोगो को बुलाकर प्रार्थना सभा की आड़ में हिंदू विरोधी कार्य किये जा रहे है।

बालोद जिले के अंदर हो रहे लगातार हिंदुओं के मंदिरों पर तोड़फोड़, देव प्रतिमाओं को खंडित करने सहित गौ–तस्करी के बढ़ते मामले से सनातन धर्म समाज संगठन व आमजनता काफी नाराज है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल संगठन के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, राज सोनी, अजय अग्रवाल, पोषण बनपेला, नीलेश श्रीवास्तव, उमेश सेन, मोनू सोनवानी, कमल बजाज, प्रदीप मिनपाल, मातृशक्ति संयोजिका सत्या साहू, पूजा जैन ने भी पैदल यात्रा को विहिप संगठन के समर्थन की बात कही व कहा कि हम सभी लोग हीरापुर के सनातनी परिवारों की मांगों के साथ खड़े हैं व जिला प्रशासन को हमारी मांगों पर त्वरित कार्रवाई करना चाहिए।

# स्थानांतरित शिक्षक की वापसी की मांग पर अड़े पालक और छात्र, स्कूल गेट में जड़ा ताला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

कुसुमटोला गांव के मिडिल स्कूल से स्थानांतरित शिक्षक को वापस लाने की मांग को लेकर सोमवार को भी पालक और बालको ने स्कूल के गेट मे ताला जड़ दिया इससे पूर्व शुक्रवार ओर शनिवार को भी गांव वालों ने स्कूल में तालाबंदी किया था सोमवार को फिर तालाबंदी की सूचना मिलने पर बीईओ रोहित कुमार सिन्हा गांव पहुंचकर पालकों और बच्चों को काफी समय तक समझाने का प्रयास किया और स्कूल संचालक के लिए माध्यमिक शाला पुसावड के अतिशेष शिक्षक नरेश कुमार पाल को मिडिल स्कूल कुसुमटोला स्कूल के अध्यापन व्यवस्था के लिए आदेश जारी किया उसके उपरांत भी ग्रामीण और बच्चे मानने को तैयार नहीं थे और स्थानांतरित शिक्षक दिनेश कुमार मेश्राम को ही वापस लाने की मांग कर नारेबाजी करते रहे ग्रामीण और बच्चे मानने को तैयार नहीं थे गांव वालों के आक्रोश को देखते हुए बीईओ सिन्हा ने एसडीएम को वस्तु स्थिति से को अवगत कराकर कराया जिसके बाद एसडीएम सुरेश कुमार साहू स्वयं कुसुमटोला गांव पहुंचे और आंदोलन रत ग्रामीणों तथा बच्चों से चर्चा कर उक्त शिक्षक का स्थानांतरण शासन के युक्तियुक्त कारण के तहत हुआ है फिर भी वे स्थान्तरित शिक्षक को वापस लाने के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया लेकिन ग्रामीण नही माने नाराज होकर अफसर गांव के स्कूल ब्यवस्था की जिम्मेदारी सरपंच ▶▶| शेष पेज 12 पर

# शिवलिंग और नंदी को तालाब में फेंका, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम ओरमा के वार्ड -1 में दो वर्ष पूर्व ग्रामीणों के सहयोग से स्थापित शिव मंदिर में तोड़फोड़ कर शिवलिंग और नंदी प्रतिमा को तालाब में फेंकने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

आरोपी नरेंद्र पिता रामलाल निषाद ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने नशे की हालत में यह कृत्य किया। उसने बताया कि अपनी बहन और खुद की शादी नहीं हो पाने से वह भगवान शिव से नाराज था और इसी गुस्से में आधी रात को मंदिर में घुसकर तोड़फोड़ कर दी। यह घटना 23 जुलाई की रात को घटी, जब गांव के लोग सो रहे थे। आरोपी नरेंद्र निषाद ने ग्राम चौक स्थित शिव मंदिर में शिवलिंग और नंदी की मूर्ति को खंडित कर तालाब में फेंक दिया। इस मंदिर का निर्माण ग्रामवासियों ने जन सहयोग से किया था। घटना के बाद ग्राम समिति, सरपंच, और अन्य शिवभक्तों ने सिटी कोतवाली थाना बालोद में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में जांच प्रारंभ हुई।

### बहन और खुद की शादी नहीं होने से भगवान शिव से था नाराज



### मानसिक रूप से तनाव में था आरोपी

आरोपी नशे में था और पारिवारिक कारणों से मानसिक रूप से तनाव में था। उसने भगवान शिव पर अपनी नाराजगी निकालते हुए यह आपत्तिजनक कृत्य किया। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

- शिशुपाल सिन्हा, थाना प्रभारी

### मछुआरों ने तालाब से निकाला शिवलिंग, नंदी और अन्य सामग्री

पुलिस जब आरोपी के घर पहुंची तो परिजनों ने बताया कि नरेंद्र घर पर नहीं है, लेकिन जब जांच दल ने घर की तलाशी ली तो आरोपी भीतर छिपा मिला। दो दिनों की सघन पूछताछ में उसने अपराध कबूल कर लिया। सोमवार दोपहर 12 बजे पुलिस ने ग्राम के प्रमुखों की उपस्थिति में जानकारी दी कि आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। दोपहर 3 बजे आरोपी की उपस्थिति में तालाब से मछुआरों की सहायता से शिवलिंग, नंदी एवं अन्य सामग्री को निकाला गया। पंचनामा तैयार किया गया और ग्रामीणों ने आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

**ग्रामीणों में रोष** : ग्रामीणों में घटना को लेकर गहरा रोष है। ग्राम समिति के अध्यक्ष नेमलाल साहू, प्रीतम सोनकर, कमलेश साहू, रोहित साहू, बलराम साहू, सुदामा साहू, खिलेश्वर सोनकर सहित कई ग्रामीणों ने आरोपी पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि उसी स्थान पर बुधवार को नये शिवलिंग की पुनः स्थापना की जाएगी।

## मांग पूरी नहीं होने पर कल रैली निकाल कलेक्टर को सौपेंगे ज्ञापन

# रसोइया संघ की हड़ताल शुरू, सरकार पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ज्ञापन देने के बाद भी सिर्फ आश्वासन मिलने व अपनी मांग पूरी नहीं होते देख मध्यान भोजन रसोईयां संघ द्वारा तीन दिवसीय हड़ताल प्रारंभ कर दी गई है। इसके पहले दिन मध्यान भोजन रसोइयां संघ के पदाधिकारी व सदस्य शहर के नए बस स्टैण्ड में टेंट में बैठ अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करते दिखे।

संघ ने कहा कि उनके द्वारा लगातार अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने व अधिकारियों कर्मचारियों से मिलकर प्रमुख मांग उठाने के बाद भी मांग पूरी न होते देख उनके द्वारा तीन मांगों को लेकर





नया बस स्टैण्ड बालोद में हड़ताल प्रारंभ की गई है, ताकि उनकी बात शासन प्रशासन तक किसी भी माध्यम से पहुंच सके और उनकी मांग पूरी हो सके।

संघ ने कहा गया है कि छत्तीसगढ़ मध्यान भोजन रसोइयां संघ जिला बालोद के पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला के रसोईयां प्रदेश स्तरीय आव्हान के तहत 28 से 30 जुलाई तक जिला स्तरीय तीन दिवसीय हड़ताल रखी गई है।

इसमें 30 जुलाई को समस्त रसोईयों द्वारा रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। इसमें से प्रमुख मांगें है कि रसोईयों को कलेक्टर दर दिया जाए। 50 प्रतिशत घोषणा लागू किया जाए। रसोईयों को कार्य से निकालना बंद किया जाए। इस दौरान ज्ञापन सौंपने जिला अध्यक्ष नुकेश सोनवानी, जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी यादव, जिला सचिव द्वारिका प्रसाद देशमुख, जिला संरक्षक प्रमोद कुमार यादव, जिला कोषाध्यक्ष उल्फी यादव, मीडिया प्रभारी मंजूलता कुंभकार, सुलोचना निषाद, जिला सह प्रभारी तामेश्वर सोनभद्र, जिला सह सचिव तामेश्वर निर्मलकर, मलखम रावटे, धन्नू लाल कश्यप उपस्थित थे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### भाजपा की नई जिला कार्यकारिणी घोषित चेमन देशमुख होंगे जिला अध्यक्ष





**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी बालोद द्वारा जिला पदाधिकारियो की घोषणा की गई है। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, उपाध्यक्ष ठाकुर राम चन्द्राकर, कौशल साहू, टिनेश्वर बघेल, भुनेश्वरी ठाकुर, पवन सोनबरसा, कांति सोनेश्वरी, महामंत्री राकेश यादव छोटू, सौरभ लुनिया, मंत्री सुरेन्द्र देशमुख, सोमेश सोरी, प्रेम साहू, चन्द्रलता साहू, पूजा यादव, निशा योगी, कोशाध्यक्ष हरिश कटझरे, प्रवक्ता जितेन्द्र साहू को बनाया गया है।

### स्वच्छता के लिए पीएम ने छत्तीसगढ़ की प्रशंसा की

**दल्लीराजहरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम



'मन की बात' में इस बार छत्तीसगढ़ की महिलाओं द्वारा किए गए स्वच्छता कार्यों को विशेष स्थान मिला। प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं द्वारा कचरा प्रबंधन में किए गए नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के बाद इन महिलाओं ने मिलकर पूरे शहर की तस्वीर बदल दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित निवास में सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में भाग लिया। बालोद जिले के दल्लीराजहरा से भाजपा नेताओं यशवंत जैन, चेमन देशमुख, राकेश यादव और सौरभ लुनिया सहित अन्य कार्यकर्ता भी इस कार्यक्रम को लेकर उत्साहित नजर आए। मुख्यमंत्री ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह दिन पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण है। बिल्हा की महिलाओं ने दिखा दिया है कि जब संकल्प और सहयोग एक साथ हो, तो कोई भी परिवर्तन असंभव नहीं रहता। मुख्यमंत्री ने कहा हाल ही में जशपुर जिले के दौरे के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि जिले के सभी पांच नगरीय निकायों ने स्वच्छता रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया है। इस प्रदर्शन पर उन्होंने जशपुर में स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित भी किया।

### चाकू लहराकर लोगों को डराने वाला युवक गिरफ्तार

**बालोद।** शहर के बीचो बीच पुराना बाजार के पास स्थित हॉटल के पास एक व्यक्ति चाकू दिखाकर आवागमन करने वाले आम राहगिरो को चाकू दिखाकर डरा धमका रहा था, जिससे मार्ग से आने जाने वाले लोगो को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी शिकायत पुलिस को की गई। जिसके बाद पुलिस मौके मे पहुंची जहां पुलिस के पहुंचने पर उक्त व्यक्ति को पुलिस ने अपने काबू में लेकर व्यक्ति के हाथ में रखे चाकू को अपने कब्जे में लिया। जहां पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पुराना बाजार नेताजी होटल के पास सड़क पर आने–जाने वाले लोगों को चाकू दिखा रहा है। जिसके बाद जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची जहां उक्त व्यक्ति ने अपना नाम नीलकमल सोरी बताया। जहां उक्त व्यक्ति के पास स्टील के धारदार चाकू में आर्या लिखा हुआ था। जिसे पुलिस ने बरामद कर पंचनामा तैयार किया। व्यक्ति के पास लाइसेंस नहीं होने पर पुलिस द्वारा धारा 25 तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## निधन

### पंचबाई देशमुख

**डौंडीलोहारा।** ग्राम मोगरी निवासी



पंचबाई देशमुख का 98 वर्ष में सोमवार को सुबह 10 बजे निधन हो गया। वे कुछ दिन से अस्वस्थ चल रही थी। उनके चार पुत्र मुरारी, दिलीप, शत्रुघ्न व पीलेश्वर तथा पुत्री जनक व सुकून की मां थी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोदूराम दिल्लीवार की बड़ी सासू मां थी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

---

**विरोध : प्रशासन की समझाइश पर माने, दो दिनों बाद पुन: आंदोलन की चेतावनी**

# खाद के लिए सड़क पर उतरे किसान, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल के विभिन्न ग्रामों के किसानों ने खाद की कमी के चलते सोमवार को दोपहर 1 बजे नगर के नए बस स्टैंड चौक पर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम से मार्ग के दोनों ओर आवागमन बाधित हो गया। वाहन चालकों ने मार्ग परिवर्तित कर अन्य मार्गों से अपने वाहन को ले जाते नजर आए।

खाद की कमी के चलते वनांचल के ग्राम अरजपुरी, खैरकट्टा, कोडेकसा, भंवरमरा, रेंगाडबरी, तुरमुडा, पुनारकसा, मंगचुआ, केरीजूंगेरा आदि विभिन्न ग्रामों के किसानों ने विगत सप्ताह सोमवार को ही धरना प्रदर्शन करते हुए रैली व ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशासन को खाद की कमी के संबंध में अवगत कराया गया था व चेतावनी दी थी कि 27 जुलाई तक वनांचल के सोसायटी में पर्याप्त मात्रा में खाद नही पहुंचने की दशा में 28 जुलाई को नगर के मुख्य मार्ग में चक्का जाम किया जाएगा। किसानों ने आरोप लगाया कि शासन प्रशासन की लापरवाही के चलते किसानी कार्य संकट में है, वही राज्य शासन हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। किसानों ने कहा कि जल्द ही खाद की समस्या दूर नहीं होने पर आगे और उग्र आंदोलन किया




जाएगा।बीजेपी की सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई व आगे चुनाव में जमकर मजा चखाने की बात कहते हुए जमकर कोसा गया। सोमवार को सुबह से ही वनांचल के विभिन्न ग्रामों के किसान वनांचल के मुख्य मार्ग स्थित माटरी चौक में सभी ग्रामों के किसानों के एकत्रित होने के बाद बाईक रैली की शक्ल में शासन प्रशासन के खिलाफ नारों के साथ प्रवेश किया और बस स्टैंड चौक के पास मुख्य मार्ग में चक्का जाम कर दिया। धरना प्रदर्शन में पूर्व सरपंच ओंकार ठाकुर ने कहा कि किसानों के सोसायटी में कर्ज है फसल नहीं होगा तो उस कर्ज को चुकाएंगे कैसे सरकार को किसानों का कर्जा माफ करना होगा। गणेश रात्रे ने कहा कि बिना खाद के फसल खराब हो रहा है। पर्याप्त मात्रा में खाद नही मिलेगा तो किसानी का कार्य कैसे होगा।बीजेपी की साय सरकार चुप्पी साधे हुए है।जागेश्वर दर्रो ने कहा कि किसानों को रोड में बैठने पर मजबूर कर दिया गया है।

तुकाराम कोर्राम ने कहा कि जिले में 22 मीट्रिक टन खाद मिलना था जहाँ डेढ़ लाख किसान पंजीकृत है। 27 जुलाई तक खाद देने का आश्वासन था।पर नहीं मिला।वनांचल के सभी सोसायटी में खाद नही पहुंचा है। देव राणा ने कहा कि किसानों को खाद की कमी के कारण रोड में उतरना पड़ा है सड़क की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान अधिकारी व किसानों के बीच लगातार चर्चा हुई। जिले से आए विपणन अधिकारी भारद्वाज ने बताया कि आजकल में जिले में खाद आने ही वाला है, आते से ही वनांचल के सोसायटी में प्राथमिकता के साथ खाद उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने दो दिन का समय किसानों से मांगा अन्य अधिकारियों ने भी समझाइश दी। फिर किसान साथी भी शांत हुए व दो दिन में खाद मिलने के आश्वासन के बाद चक्काजाम को खत्म किया गया।

---

# बिजली कटौती से परेशान युवक ने ट्रांसफार्मर में की तोडफोड़

**दल्लीराजहरा।** नगर के वार्ड 19 कर्मा मंदिर के पास स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर में रविवार रात सनसनीखेज घटना सामने आई। एक युवक द्वारा ट्रांसफार्मर में लगे कट-आउट को जानबूझकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी योगेंद्र पवार 31 वर्ष ने बिजली कटौती से परेशान होकर यह कदम उठाया।

विद्युत विभाग के अधिकारियों की ओर से दल्लीराजहरा थाने में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। विद्युत अधिकारी सुनील ठाकुर ने बताया कि योगेंद्र पवार ने ट्रांसफार्मर के पास जाकर सोशल मीडिया में एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह खुलेआम यह कह रहा है कि रातभर बिजली नहीं रही, अब मैं ट्रांसफार्मर में लगे सभी कट-आउट तोड़ दूंगा। इसके बाद उसने लोहे के



भारी घन (हथौड़े) से ट्रांसफार्मर में तोड़फोड़ कर दी।

### पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

थाना प्रभारी रवि पांडे ने बताया कि विद्युत अधिकारियों की शिकायत पर सूक्ष्म जांच कर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे कृत्य न केवल गैरकानूनी हैं, बल्कि जनता की मूलभूत सुविधाओं में बाधा डालने जैसे गंभीर आरोपों के दायरे में आते हैं।

### सौरभ लुनिया बने जिला भाजपा के महामंत्री



**दल्लीराजहरा।** भाजपा ने बालोद, दंतेवाड़ा और गरियाबंद जिले के लिए नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। इस नई नियुक्ति में बालोद जिला भाजपा के महामंत्री पद की जिम्मेदारी दल्लीराजहरा के सौरभ लुनिया को सौंपी गई है। सौरभ लुनिया की नियुक्ति पर उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और गाजे-बाजे, डीजे व ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत रैली निकाली। रैली शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए जोरदार उत्साह के साथ संपन्न हुई।

---

# संभाग स्तरीय विभिन्न खेलकूदों के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा के विद्यार्थियों ने व्यायाम निर्देशक सौरभ शर्मा एवम सह प्रभारी हेमन्त साहू के कुशल मार्गदर्शन में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया। जिला मुख्यालय बालोद के सरयू प्रसाद अग्रवाल इंडोर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी चयन प्रतियोगिता के अ-19 बालिका वर्ग में शालिनी ढालेंद्र, अ-19 बालक वर्ग में मोहित और अ -17 बालिका वर्ग में मेघा निषाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इसी तरह जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल में नीलम भेड़िया और वेणिका साहू अ-19 बालिका, यशस्वी और वामन अ-19 बालक वर्ग, वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला की टीम में अपना स्थान सुरक्षित किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता में नीलम बरसेल और रोशनी ने जिला की टीम में अपनी जगह बनाई।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर एसएमडीसी अध्यक्ष लीलेंद्र सिन्हा, प्रभारी प्राचार्य आर एल तारम, वरिष्ठ व्याख्याता एल के ठाकुर, पी के मेश्राम, डी आर साहू, आर एस देशमुख, व्ही के भंडारी, एस वैदे, पुष्पा कटेंद्र, एनुका शार्वा, छाया नंदा, रीना मंडल, डुप्ले साहू, लवण साहू, आर एन योगी, भूपेंद्र पटेल, कपिल पटेल, सूर्योदय मानिकपुरी, एवम समस्त स्टाफ ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

---

# कांवड़ यात्रा में पर्यावरण संदेश : जल संरक्षण व हरियाली का लिया संकल्प




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

झलमला मंदिर से जल लेकर पैरी मंदिर मे सैकड़ों कावरिया जल अर्पित करेंगे। इस दौरान पर्यावरण प्रेमी वीरेन्द्र सिंह ने कई नन्हे कावड़ियो के साथ मिलकर झलमला स्थित मां गंगा मईया के मंदिर से पवित्र जल लेकर कांवड़ यात्र मे सम्मिलित हुए।

पर्यावरण प्रेमी विरेन्द्र सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्र एक धार्मिक आयोजन है जो भगवान शिव के प्रति भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। इस यात्र के दौरान, कांवड़िए नदी से पवित्र जल लाने के लिए पैदल यात्रा करते हैं और इसे भगवान शिव अर्पित करते है। नदियों, प्राकृतिक जल श्रोत, तालाबों, को स्वच्छ रखना हम सब का दायित्व है। इस दौरान उन्होने नन्हे कावंडियो को शपथ दिलाई कि कांवड़ यात्र जल संरक्षण का भी संदेश देती है। कांवड़िए जल की महत्ता को समझते हुए इसका संचय और संरक्षण करने का प्रयास करते हैं। गर्मी के दिनो में हम धान फसल के जगह कम पानी वाले फसल रोपित करेंगे। नलों से पानी व्यर्थ बहनें नहीं देंगे। वर्षा जल का उपयोग करेंगे। नदियों, नालों, प्राकृतिक जल स्त्रोत, तालाबों, को स्वच्छ रखेंगे। गर्मी के दिनों में पक्षियों के लिए पानी और दाना की व्यवस्था रखेंगे। इस दौरान वीरेन्द्र सिंह अपने कपड़े के सामने एक ओर पेंटिंग के माध्यम से पेड़ लगाने का संदेश दे रहे थे तो दूसरी ओर कपड़े के पीछे भाग मे जल संरक्षण का संदेश देते हुए कंधे मे अन्य कावड़ियो के साथ चलते दिख रहे थे।

### जलाभिषेक के लिए बोलबम समिति रवाना



**जामगांव आर।** बोल बम समिति अरमरी खुर्द के तत्वावधान में कांवरियों का जत्था श्रावण माह पर अरमरीखुर्द से सोमेश्वर महादेव सिमगा, लखना से महादेवघाट से ठाकुराईनटोला, टोलाघाट के लिए शुभकामनाएं देते हुए जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने प्रस्थान कराया। इस समारोह में सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू, जनपद सदस्य पाटन अजय कुमार साहू, गौतमचंद चौरडिया, देवकी साहू सरपंच, रेवाराम साहू गातापार, ऐमन आठे सरपंच बटरेल, एसआर साहू, वी आर साहू, प्रेमलाल साहू, देवेंद्र साहू, कपूर साहू, उमाशंकर साहू, रेवाराम साहू मंचासिन रहे। जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि भोलेनाथ की कृपा से सबका जीवन आनंद मंगलमय रहे। धर्म हमें जीवन को संस्कारमय जीवन जीने की कला सिखाता है। भाईचारा से रहना सिखाता है औरों के लिए भी जीना सिखाता है। इस अवसर पर गजेंद्र प्रसाद साहू, संतोष साहू, बेदराम साहू, विश्राम, नीलम साहू, रेखा साहू पंच, धनेवरी, पंच ताकेश्वरी पंच, योगराज साहू, पुनेश्वर, दूजराज, टीकाराम, भोलेराम, ज्वालाप्रसाद, संकेत सेन, रामचंद्र, संतुराम, ज्ञानी, प्रेमलाल, ओमकार, संजू साहू, लोकगायक कमलेश यादव, अभिषेक सेन उपस्थित थे।

---

# राखियों के लिए पोस्ट आफिस में पहुंचा वाटरप्रूफ राखी लिफाफा




**दल्लीराजहरा।** पवित्र भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाएगा। पर्व को डाक विभाग ने विशेष तैयारियां की हैं, ताकि हर बहन अपने भाई तक बिना किसी रुकावट के अपना प्रेम पहुंचा सके। बारिश के मौसम को देखते हुए डाक विभाग द्वारा पूरी तरह वाटरप्रूफ राखी लिफाफे और विशेष थीम बेस्ड बॉक्स तैयार किए गए हैं। ये लिफाफे मजबूत, टिकाऊ और सौंदर्यपूर्ण डिज़ाइन के साथ उपलब्ध हैं। छोटा राखी लिफाफा 11x22 सेमी) केवल 10 रुपए में मिल रहा है, जिसमें 1 से 2 राखियां आसानी से भेजी जा सकती हैं। दल्लीराजहरा डाकघर में फिलहाल 1000 से अधिक लिफाफे उपलब्ध कराए गए हैं। पोस्टमास्टर जयप्रकाश जायसवाल ने बताया कि बहनें भारत के साथ-साथ 106 देशों में स्पीड पोस्ट द्वारा अपने भाइयों को राखी भेज सकती हैं।

रक्षाबंधन के साथ ही सावन माह में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु डाक विभाग ने गंगोत्री से लाया गया पवित्र गंगाजल भी उपलब्ध कराया है। डाकघर में 250 एमएल की गंगाजल की बोतल केवल 30 रुपये में मिल रही है। शिवभक्त इसे घर ले जाकर भगवान शिव के अभिषेक में उपयोग कर रहे हैं।

---

# चेंबर ने औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि आवंटन की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने कलेक्टर से की मुलाकात

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की दल्लीराजहरा इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कलेक्टर दिव्या मिश्रा से सौजन्य मुलाकात कर नगर में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र की लंबित प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कर भूमि आबंटन किए जाने की मांग की। इस संबंध में एक विस्तारपूर्वक ज्ञापन भी कलेक्टर को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम कारूटोला स्थित 25 एकड़ भूमि को औद्योगिक क्षेत्र हेतु आरक्षित की गई थी।

वर्ष 2022-23 में इस भूमि का मद परिवर्तन किया गया था और तहसील कार्यालय द्वारा दावा-आपत्तियों की अंतिम तिथि 5 जून 2023 निर्धारित की गई थी। इस तिथि की जानकारी विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी। हालांकि, दावा-आपत्ति की निर्धारित अवधि समाप्त होने के एक माह बाद ग्राम पंचायत कारूटोला द्वारा आपत्ति प्रस्तुत की गई, जिसके पश्चात उक्त प्रकरण को तहसील स्तर पर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इस औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना से दल्लीराजहरा को आर्थिक एवं सामाजिक संजीवनी प्राप्त होगी और यह क्षेत्र पुनः विकास की दिशा में अग्रसर होगा।

प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक तिलोकचंद जैन, शंकर लाल कुकरेजा, अध्यक्ष अमित कुकरेजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश मित्तल, महामंत्री राजा डहरवाल, उपाध्यक्ष नवदीप गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कुशल कथूरिया, राजेश पटेल, शेखर गुप्ता एवं संजय बैस शामिल थे। चेम्बर के पदाधिकारियों ने अपील की कि औद्योगिक विकास को गति देने एवं क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु इस भूमि आबंटन प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र समाधान निकाला जाए। ग्राम कारूटोला में 25 एकड़ भूमि का मामला ठप पड़ा।

---

# जिले में लगेंगे बीएसएनएल के नये टावर

**दल्लीराजहरा।** नगर सहित बालोद जिले के भाजपा नेता यशवंत जैन, चेमन देशमुख, राकेश यादव, सौरभ लुनिया आदि ने कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित और दूरस्थ इलाकों में डिजिटल संचार को सशक्त बनाने 400 नए बीएसएनएल टावर लगाने की योजना पर कार्य कर रही है। यह जानकारी ग्रामीण विकास और दूरसंचार राज्यमंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने आज रायपुर में दी।

डॉ. शेखर ने कहा कि इन टावरों की स्थापना के लिए सुरक्षा बलों और वन विभाग से आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद चरणबद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया, बीएसएनएल आज देश में उच्च गुणवत्ता की 4जी सेवाएं दे रहा है, और इस विस्तार के साथ हम देश के अंतिम गांव तक डिजिटल कनेक्टिविटी पहुँचाने के मिशन को साकार कर रहे हैं।

### योजनाओं के क्रियान्वयन पर संतोष

डॉ. शेखर ने रायपुर में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ग्रामीण विकास विभाग, डाक विभाग, दूरसंचार विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मंत्री ने राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं के तेज और प्रभावशाली क्रियान्वयन पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं ग्रामीण आधारभूत संरचना और आवास क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही हैं।

पेज 11 का शेष

### स्थानांतरित शिक्षक की वापसी की मांग पर अड़े ...

निर्मला चुरेंद्र को मौखिक आदेश दे कर वापस आ गए बाद में गांव के पालको एवं प्रमुख लोगों की बैठक हुई जिसके बाद पालको ने बच्चों को समझाया कि उनके अधिकार के लिए लड़ाई वे लोग लड़ेगे बच्चे अपना ध्यान पढ़ाई में रखें लगे मानपूर्वक लगे तथा इस प्रकार हड़ताल समाप्त हुआ और बच्चें वापस कक्षा में जाकर बैठ कुसुमटोला मिडिल स्कूल के शिक्षक दिनेश मेश्राम का युक्तिकरण के तहत मानपुर ब्लॉक के औंधी स्कूल में ट्रांसफर हुआ है। जिसे बीईओ द्वारा रिलिप कर दिया गया है शुक्रवार तथा शनिवार को तालाबंदी किया था है जानकारी के अनुसार कुसुमटोला स्कूल में वर्तमान में छठवीं से आठवीं तक कुल 51 बचें हैं। बच्चों के साथ आंदोलन में ग्रामीण सेवक राम विश्वकर्मा शंकर लाल पिस्दा ताराचंद ताराम विनोद चुरेंद्र खिलेंद्र भुआर्य वीर सिंह भुआर्य जसराज चुरेंद्र सहदेव साहू शोभाराम आर्य अहिल्याबाई सहित अनेक लोग शामिल रह।

---

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन ने हमारे जीवन को आसान बनाया**

# आधुनिक कृषि से आएगी क्रांति: समय, मेहनत व लागत में बचत, लाभ में बढ़ोतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में बालोद जिले में किसानों के जीवन में एक नया परिवर्तन देखने को मिल रहा है, यह परिवर्तन कृषि कार्य में नवीन तकनीकों के प्रयोग से आया है। जिले में कृषि कार्य में नवीन तकनीकों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे किसान कम लागत और कम समय में बेहतर उत्पादन हासिल कर रहे हैं और वे समृद्धि की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह बदलाव न केवल किसानों की मेहनत को आसान बना रहा है, बल्कि उनके चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास भी ला रहा है।

बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम खल्लारी के किसान डिकेश्वर साहू इस परिवर्तन के बेहतर मिसाल बन चुके हैं। साहू ने बताया कि वे अपने खेतों में अब धान की रोपाई के लिए पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन का उपयोग कर रहे हैं, जो उनके लिए एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। पहले वे इस कार्य के लिए मजदूरों पर निर्भर रहते थे, जिसमें न केवल समय की अधिकता लगती थी, बल्कि लागत भी काफी बढ़ जाती थी। लेकिन अब पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन के उपयोग से वे कम समय में ही अपने खेतों में रोपाई का कार्य सुचारू रूप से पूरा कर लेते हैं। साहू ने कहा कि शासन की नीतियों और कृषि विभाग के मार्गदर्शन ने हमें नई तकनीकों से जोड़ा है। पहले बहुत सारे मजदूरों की व्यवस्था करने और उनसे काम लेने काफी ज्यादा पैसे लगते थे, इससे उनके खेती कार्य लागत बढ़ जाती थी, लेकिन अब नई तकनीक के उपयोग से समय और पैसे दोनों की बचत हो रही है और कृषि कार्य में काफी मुनाफा हो रहा है।

किसान साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन ने हमारे जीवन को आसान बनाया है। उनके किसान हितैषी निर्णयों और योजनाओं के संचालन से अब हम कृषि विभाग द्वारा निरंतर मार्गदर्शन मिल रहा है, जिससे किसानों को खेती कार्य में काफी मुनाफा हुआ है। इसी ग्राम के एक अन्य किसान बिसाली राम ने भी इस बदलाव की कहानी को साझा किया। उन्होंने बताया कि पहले वे मजदूरों के माध्यम से खेत में रोपाई का कार्य करते थे, लेकिन अब पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन के प्रयोग से उनका कार्य न केवल तेज हुआ है, बल्कि लागत में भी कमी आई है।

उन्होंने कहा कि आज हमारा खेत बेहतर रोपाई और कम मेहनत से तैयार हो रहा है, जिससे हम बेहद खुश हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं किसान सम्मान निधि और कृषक उन्नति योजना की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा संचालित योजनाएं किसानों के समृद्धि के द्वार खोल रही हैं। उन्होंने शासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इन योजनाओं ने उनके जीवन में नई उम्मीद जगा दी है। बालोद जिले में यह बदलाव केवल व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि किसानों की सामुदायिक उन्नति का प्रतीक है। कृषि विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविरों और तकनीकी सहायता के माध्यम से किसानों को नवीन मशीनों और विधियों से परिचित कराया जा रहा है। पैडी ट्रांसप्लांटर, ड्रोन स्प्रेयर, और अन्य आधुनिक उपकरणों का उपयोग अब जिले के कई गांवों में देखने को मिल रहा है, जो न केवल उत्पादन बढ़ा रहा है, बल्कि किसानों की आय में भी इजाफा कर रहा है।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य शिविर में कई लोगों ने कराया उपचार

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत हल्दी में आयुर्वेद औषधालय के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें औषधालय के स्टाफ ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं सभापति अश्वनी कुमार कटहरे, ग्राम के सरपंच भागवत प्रसाद ठाकुर एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### नागपंचमी पर महामृत्युंजय जाप में शामिल होंगे आयोग अध्यक्ष रूपनारायण

**जामगांव आर।** नागपंचमी पर जामगांव आर कला मंच बाजार चौक में 29 जुलाई को संगीतमय विशाल रुद्री पाठ रुद्राभिषेक काल सर्प दोष पूजन एवं महामृत्युंजय जाप में शामिल होने छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा 3 बजे जामगांव आर पहुंचेंगे। पूजन विद्वान आचार्यों द्वारा कराया जाएगा। इस आयोजन में आचार्य आकाश शास्त्री आचार्य शेषनारायण चौबे भगवताचार्य संतोष शर्मा उमाशंकर शुक्ला, प्रेमानंद महाराज खर्रा, माधव महाराज आदित्य पांडे, अभिषेक शर्मा, नवीन शर्मा, पंडित कान्हा, सिद्ध महाराज तुषार महाराज का सानिध्य शिव भक्तों को प्राप्त होगा। पं. अभिषेक शर्मा ने बताया कि आयोजकों से संपर्क कर गोत्र परिवार के नाम से रुद्राभिषेक, शिवपूजन, कालसर्प पूजन, महामृत्युंजय जाप कराते हुए ब्राम्हण भोजन का लाभ भी भक्तगण ले सकते हैं।

### शहर में आवारा कुत्तों का आतंक, राहगीरों के लिए खतरा

**दल्ली राजहरा।** नगर पालिका परिषद इन दिनों आवारा कुत्तों की



बढ़ती संख्या और उनके आतंक के चलते आलोचनाओं के घेरे में है। स्थानीय नागरिक रवि सहारे ने एक बार फिर नगर पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को आड़े हाथों लेते हुए तीखे सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा जब नगरीय प्रशासन द्वारा आवारा कुत्तों के बंध्याकरण हेतु हर वर्ष राशि स्वीकृत की जाती है, तो अब तक उस राशि का उपयोग क्यों नहीं हो रहा? कितनी राशि राज्य शासन से अब तक जारी की गई, और उसका कितना उपयोग हुआ? पालिका क्षेत्र में अब तक कितने आवारा कुत्तों का बंध्याकरण किया गया?उन्होंने कहा कि शहर की गलियों, कॉलोनियों और सार्वजनिक स्थलों पर आवारा कुत्तों का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा खतरे में है, लेकिन नगर पालिका इस गंभीर समस्या पर मौन साधे बैठी है।

### महिला की जान बचाने वाले पुलिस कर्मचारी सम्मानित

**भिलाई।** महिला आत्महत्या करने नदी में कूदी जिसे देख डॉयल 112 के पुलिस जवानों ने तुरंत उसे बचा लिया। मिली जानकारी के मुताबिक 25 जुलाई सी 4 रायपुर से दुर्ग जिला के डीपीसीआर को इवेंट मिला कि एक महिला आत्महत्या करने नदी में कूद गई है।

## बैठक

### प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर हुआ पुनर्गठन

# मंडल जोन सेक्टर कांग्रेस कमेटियों का हुआ पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरुर के अंतर्गत मंडल जोन सेक्टर कांग्रेस कमेटी पलारी कंवर का पुनर्गठन करने बैठक अकलवारा में आयोजित की गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठनात्मक मजबूती के लिए मंडल जोन सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन अभियान के तहत किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से किशोर साहू को कनेरी दियाबाती मंडल जोन अध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं मंडल जोन कार्यकारणी का पुनर्गठन किया गया।



मंडल जोन अंतर्गत नवनियुक्त सेक्टर अध्यक्षगण दर्रा खर्रा सेक्टर से सोमप्रकाश साहू, खुदंनी सेक्टर से केशू राम साहू नियुक्त किए गए। उपस्थित प्रभारी, वरिष्ठ नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के प्रति हर्ष व्यक्त कर संगठन को मजबूत बनाने एवं कांग्रेस पाटएँ के रीति नीति को जन जन के पहुंचाने के लिए कार्य करने की बात कही।

बैठक में प्रमुख रूप से संजारी बालोद विधानसभा के विधायक संगीता सिन्हा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त ब्लॉक प्रभारी राजेन्द्र सोनी, मंडल प्रभारी राजेन्द्र साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर तामेश्वर साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी जितेंद्र यादव, महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शादिक अली, दिनाराम चेलक महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष अंकुश दीवान, मुकेश कुमार, खोमन सिंह, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर शिवम कुरैटी सहित समस्त बूथ अध्यक्ष सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## कांग्रेस के मंडल जोन अध्यक्ष बने यशवंत पूरी



**गुरूर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरुर के अंतर्गत मंडल जोन सेक्टर कांग्रेस कमेटी तारीभरदा का पुनर्गठन करने बैठक आयोजित की गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठनात्मक मजबूती के लिए मंडल जोन सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन अभियान के तहत किया गया।

इसमें सर्वसम्मति से यशवंत पूरी गोस्वामी को मंडल जोन अध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं मंडल जोन कार्यकारणी का पुनर्गठन किया गया। मंडल अंतर्गत नवनियुक्त सेक्टर अध्यक्षगण मे तारएँसेक्टर से आलोक पटेल, सोरर सेक्टर से भूषण औंधिया, धोबनपूरी से नारद यादव को नियुक्त किया गया है। उपस्थित प्रभारी, वरिष्ठ नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के प्रति हर्ष व्यक्त कर संगठन को मजबूत बनाने एवं कांग्रेस पार्टी के रीति नीति को जन जन के पहुंचाने के लिए कार्य करने की बात कही।

बैठक में अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर तामेश्वर साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त मंडल प्रभारी दुर्गुराम सिन्हा, खिलेश्वर केहरी, पूर्व जिला पंचायत सभापति केदार देवांगन, विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, पाल सिंह भूआर्य, मनोज साहू, बंशी देशमुख, भानु सिन्हा, शरद नेताम, योगेन्द्र गंगबेर, भुनेश्वर पटेल, उमाशंकर सिहारे रामखीलावन, कुम्भज दया शंकर, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर शिवम कुरैटी, समस्त बूथ अध्यक्ष सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## पिनकापार मंडल कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन किया गया

**डौंडीलोहारा।** छग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मंडल व सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन अभियान के तहत सोमवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी देवरी के अंतर्गत मंडल (जोन) कांग्रेस कमेटी पिनकापार का पुनर्गठन करने ग्राम मुजगहन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम पिनकापार के संजीव कुमार चौधरी को पिनकापार मंडल (जोन) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

मंडल (जोन) कार्यकारणी का पुनर्गठन किया गया। सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन की रणनीति भी तैयार की गई है। उदयपुर नव संकल्प शिविर में पारित प्रस्ताव के अनुसार देवरी ब्लॉक प्रभारी विजय देवांगन धमतरी द्वारा सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देकर पुनर्गठन करने दिशा निर्देश दिया गया था। बैठक में भूपेश नायक जनपद सदस्य, केजूराम सोनबोइर, सेक्टर प्रभारी ललित हिरवानी मुजगहन, भूषण मारकंडे पिनकापार, ऐनकुमार साहू जेवरतला, पुरुषोत्तम उर्वशा टटेंगा, सुमन सोनबोइर कुवांगांव, अनिल साहू औंरी, कार्यकर्ता देव नेताम, डालूराम उर्वशा, टम्मन साहू, टीकाराम, आशु हिरवानी, ललित भूआर्य, जामवंत सिन्हा, गोकुल देवदास, मेघनाथ ताराम, हेमंत निर्मलकर, चुरेंद्र साहू, वीरेंद्र कुमार, पुरोहित साहू, सहित बूथ अध्यक्ष व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## विदेशी नागरिकों के खिलाफ हो कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ कार्रवाई के लिए क्रांति सेना ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ में कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा, जिसमें विदेशी नागरिकों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने दावा किया है कि सरकारी दस्तावेजों और मीडिया रिपोर्टों के अनुसार हजारों की संख्या में पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से छत्तीसगढ़ में निवास कर रहे हैं। संगठन ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विदेशी नागरिकों के लगातार अवैध बसाहट से राज्य के कुछ जिलों में मूल निवासियों और विदेशियों के बीच संघर्ष की आशंका बढ़ रही है और जनसंख्या असंतुलन का खतरा भी पैदा हो रहा है। संगठन ने जिलाधीश से आग्रह किया है कि वे जिला प्रशासन को इस संबंध में गंभीरता से अभियान चलाने का आदेश दें, ताकि अवैध पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकों को छत्तीसगढ़ सहित भारत की सीमाओं से बाहर भेजा जा सके, भले ही वे किसी भी समुदाय से संबंधित हों। इस दौरान क्रान्ति सेना के जिला अध्यक्ष खोमन साहू, उपाध्यक्ष दानी साहू, महामंत्री जितेंद्र साहू, संगठन मंत्री नरेंद्र साहू, तामेश्वर साहू, नमन कोसमा चम्मन साहू व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## शहर में सजी राखियों की दुकान




**दल्लीराजहरा।** भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन को लेकर दल्लीराजहरा शहर का बाजार पूरी तरह से रंगीन और रौशन हो गया है। शहर के प्रमुख बाजारों में रंग-बिरंगी, आकर्षक और अनोखी राखियों की दुकानें सज चुकी हैं, जहां बहनों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। कार्टून राखियों से लेकर फैशनेबल और पारंपरिक राखियों तक, हर वर्ग के लिए राखियों की विविधता देखने को मिल रही है। बच्चों के लिए मोटू-पतलू, डोरेमोन, शिवा वाली राखियां तो युवाओं के लिए ट्रेंडी डिजाइनों की राखियां उपलब्ध हैं। वहीं बुजुर्गों के लिए पारंपरिक धागों वाली राखियों की भी भरपूर बिक्री हो रही है। राखियां 5 रुपये से शुरू होकर 500 रुपये तक हैं, जबकि कुछ भाई-बहनें सोने-चांदी की राखियां भी खरीद रहे हैं, जिनकी कीमतें 1000 से 10 हजार तक पहुंच रही हैं। मधुबन जनरल स्टोर्स के संचालक ओम जैन ने बताया कि रक्षाबंधन को लेकर बाजार में जबरदस्त उत्साह है। राखियों की डिमांड लगातार बढ़ रही है, खासकर वे बहनें जो डाक सेवा से राखी भेजती हैं, अभी से खरीदारी कर रही हैं। आने वाले दिनों में और ज्यादा भीड़ की उम्मीद है।

## कारगिल दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। प्राचार्य श्री आर. के. देवांगन ने कारगिल विजय दिवस



की शुभकामनाएं देते हुए कहा हर भारतीय सैनिकों के दिल में भारत बसता हैं, यह दिवस पराक्रम और शौर्य का दिन है कैप्टन विजय बत्रा लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे ग्रेनेडीयर योगेंद्र सिंह यादव और न जाने कितने वीर सपूत हैं जिन्होंने युद्ध में अपनी जान गवाई। तब जाकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाए। हर्षा देवांगन व्याख्याता टटेंगा ने कहा कारगिल विजय दिवस न केवल भारतीय सैनिकों के वीरता और बलिदान का प्रतीक है बल्कि यह हम सबको हमारे देश और मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्यनिष्ठता और राष्ट्र के प्रति प्रेम



का बोध कराता है। पाकिस्तानी घुसपैठियों द्वारा कारगिल पर कब्ज़ा करने का षड़यंत्र बनाकर भारत के भूमि पर कदम रखा तभी भारत के जांबाज सैनिकों द्वारा उन्हें युद्ध में हराने का प्रण लिया दुर्गम पर्वत, निम्न तापमान,लगातार गोला बारी इन सब चुनौतियों के बावजूद भारतीय सैनिकों ने हिम्मत नहीं हारी और विजय प्राप्त की।

यह लड़ाई लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई 1999 को हमने विजय प्राप्त की। कारगिल विजय दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढे पूर्व विद्यार्थी कमांडो श्री आशीष मानिकपुरी जो कश्मीर बार्डर पर भारतीय सैनिक के रूप में तैनात हैं उन्होंने विद्यार्थियों के नाम सन्देश भेजा। जिसमें उन्होंने देशभक्ति से ओतप्रोत ऑनलाइन कविता विद्यार्थियों के बीच रखा जिससे विद्यार्थी देश प्रेम और राष्ट्र प्रेम के लिए प्रेरित हो सके। कारगिल विजय दिवस पर चंद्रमणी वासनिक, टी एल देवांगन, चंद्रा देवनाथ, रेशमी साहू,अजय पाठक,पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश रावटे,रवि देवांगन, बिंदु साहू उपस्थित थे तथा सी पी सोनबोइर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, वेद साहू, कुंदन ने बधाई दी।

## कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 26 जुलाई 2025 को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम और भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जम्मू-कश्मीर की भौगोलिक, सामरिक परिस्थितियों और सेना की चुनौतियों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम में जिला भूतपूर्व सैनिक संघ बालोद के अध्यक्ष साहू मुख्य अतिथि रहे। विशेष अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष एल. एन. साधक, पूर्व सैनिक सी. एल. मोहंती और कीर्तन राम आर्या (प्रयोगशाला तकनीशियन, कंगला मांझी महाविद्यालय डौण्डी) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कविता सिंह ने की, जबकि संचालन एनएसएस की सहायक कार्यक्रम अधिकारी ओमेश्वरी मंडावी ने किया।






कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना से हुई। उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात कारगिल युद्ध में शहीद वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई और उपस्थित सभी ने देश सेवा की शपथ ली। मुख्य अतिथि ने अपने सैनिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए कारगिल युद्ध की कठिन परिस्थितियों का वर्णन किया। उन्होंने परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा के /"यह दिल मांगे मोर/" नारे को याद दिलाते हुए युवाओं को सेना में शामिल होने हेतु प्रेरित किया। पूर्व सैनिक सी. एल. मोहंती ने बताया कि सीमाओं पर तैनाती के दौरान किस प्रकार विषम परिस्थितियों में सूझबूझ के साथ कार्य करते हुए देश की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। वहीं, कीर्तन राम आर्या ने सेना में विभिन्न स्थानों पर आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया और विद्यार्थियों को उनसे सीख लेने की सलाह दी। प्राचार्य डॉ. कविता सिंह ने कारगिल युद्ध के शूरवीरों को नमन करते हुए कहा कि भूतपूर्व सैनिकों का अनुभव विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है।

उन्होंने विद्यार्थियों से देशहित में सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। अतिथियों को शॉल, श्रीफल और तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य डॉ. कविता सिंह, कार्यक्रम अधिकारी ओमेश्वरी मंडावी, डॉ. सरिता स्वामी, डॉ. पी. के. सिंह, डॉ. ए. जॉन, कांति नेताम, यामिनी देवी, डॉ. प्रवीण गुप्ता, दिनेश माखिजा, डॉ. देवदत्त शर्मा, किशोर पटेल, डॉ. कमल बोदले, मोहनलाल, योगेश साहू एवं महावीर जैन का सहयोग रहा। धन्यवाद ज्ञापन यामिनी देवी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने कहा- जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा साथ खड़ी

# शिक्षा के लिए देशमुख ने 51 हजार की सहायता प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम भेड़ी (सुरेगांव) के नाड़ी वैद्य और समाजसेवी गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने ग्राम पोड़ में आयोजित शौचालय स्वच्छता और हेलमेट जागरूकता कार्यक्रम के दौरान आर्थिक मदद का आवेदन लेकर चारवाही की एक बेटी गरिमा साहू पहुंची थी। कार्यक्रम उसने अपनी समस्या बताई।

जब गुरुदेव ने जाना कि 12वीं में पढ़ रही उक्त छात्र के माता–पिता का एक महीने के अंतराल में निधन हो गया है तो उन्हें काफी दुख हुआ। बिटिया को आश्वासन देते हुए कहा कि शिक्षा दीक्षा में मदद के लिए 51 हजार देंगे। रविवार 27 जुलाई को बेटी गरिमा साहू मां 64 योगिनी मोक्ष धाम फाउंडेशन के सदस्यों के साथ भेड़ी (सुरेगांव) के कामधेनु मंदिर



गुरुदेव के निवास स्थल में गरिमा को 51 हजार रुपए नगद सहायता राशि दी। गुरुदेव द्वारा इस राशि को पाकर गरिमा साहू ने कहा यह मदद उनके लिए एक बड़ी राहत साबित होगी। गरिमा ने बताया कि 24 जनवरी 2025 को उनकी माता होमेश्वरी भी अस्वस्थता के इलाज के दौरान उनके बड़े पिता इधर–उधर से कर्जा लेकर अस्पताल में पैसा जमा किए थे। इस तरह उन्हें आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ा और वह गुरुदेव की शरण में मदद के लिए आई। गरिमा ने बताया कि उनका एक भाई सूर्यकांत साहू तथा स्वयं 12वीं कक्षा मे

चलते चल बसी। इस घटना के ठीक 1 महीने बाद उनके पिता हेमंत साहू का एक सड़क हादसे में 24 फरवरी 2025 को मृत्यु हो गई। माता के इलाज में जमा पूंजी खत्म हो गई। इसके बाद सड़क हादसे में पिता भी नहीं रहे। इस तरह उनके सर से मम्मी और पापा दोनों का छत्रछाया नहीं रहा।

है। वर्तमान में अपने बड़े पिता गोविंदराम साहू व बड़ी मां सुमन साहू के साथ दल्ली राजहरा में रह रही है।

गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने कहा कि मां 64 योगिनी मोक्ष धाम फाउंडेशन इसी तरह जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा साथ खड़ी है। उन्होंने लोगों से भी अपील किया कि जो भी जरूरतमंद है उनका सहयोग करें। सब एक दूसरे के सुख–दुख में मिलकर साथ चले। संत बीरेंद्र देशमुख स्वच्छता शौचालय अभियान के साथ ही हेलमेट जागरूकता अभियान चला रहे हैं। जिसके तहत प्रथम चरण में चारामा ब्लॉक के ग्राम गोलकुम्हड़ा में अभियान चलाया गया और दो दिन पहले गुरूर ब्लॉक के ग्राम पोड़ में द्वितीय चरण हुआ। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, जब तक की लोग जागरूक न हो जाए।

### लिमोरा में बनवा रहे हैं भव्य मंदिर

नाड़ी वैद्य गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख के द्वारा गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम लिमोरा में भव्य 64 योगिनी कामधेनु मंदिर का निर्माण भी करवा रहे। जहां राजस्थान में निर्मित कामधेनु और माता काली की मूर्ति विगत दिनों मंदिर प्रांगण में लाई जा चुकी है। मोक्षधाम फाउंडेशन के तहत मंदिर परिसर में अन्य निर्माण कार्य चल रहा है। मंदिर को बनवाने के लिए दानदाताओं का सहयोग भी लिया जा रहा है। संत श्री बीरेंद्र देशमुख ने बताया कि यहां मानसिक बीमारी से ग्रस्त मरीजो के इलाज के लिए विशेष सुविधा निशुल्क रहेगी। इसके अलावा अमृतआश्रय, मूक बधिर, ध्यान साधना केंद्र, गुरुकुल व गौशाला भी प्रारंभ किए जाएंगे।



## आयोजन : पाऊवारा में आयोजित जनपद ट्रॉफी 2025 के स्पर्धा में शामिल हुए पूर्व सीएम भूपेश

# कृषि हमारी परंपरा व ग्रामीण जीवन है आत्मा : भूपेश






हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम पाऊवारा जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, समर्पण युवा मित्र मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से जनपद ट्रॉफी का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताएं हुईं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस आयोजन में कबड्डी, गेड़ी दौड़, फुग्गा फोड़, रस्सी खींच, गेड़ी नृत्य और अन्य पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन हुआ, जिसमें कोड़ियि पंचायत बना चैम्पियन और विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण ने किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अध्यक्षता पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विशेष अतिथि जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, प्रदेश महामंत्री जीतेन्द्र साहू पूर्व सभापति योगिता चंद्राकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़, प्यारी निषाद, दामिनी मुकेश साहू, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, सरपंच पाऊवारा मीना यादव, समाज सेवी हर्ष साहू, आयोजक विमल गजपाल, पितेश साहू, राजेश साहू, दीपक यादव, हरदेव साहू, दिलीप साहू उपस्थित थे। मुख्य अतिथि भूपेश बघेल ने आयोजन को लेकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन हमारी छत्तीसगढ़ की परम्परा को जागृत करता है। उन्होंने वर्तमान सरकार पर कहा भाजपा के शासन में आज किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल रहा है। किसानों के साथ छल किया जा रहा है आज प्रदेश में युवा, किसान, महिला सभी वर्ग परेशान है। बीजेपी सरकार छत्तीसगढ़ की पहचान को कमजोर कर रही है। पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि पूर्व में भूपेश बघेल की अगुवाई में प्रदेश में सांस्कृतिक लहर पैदा कर दियी गई थी, इससे छत्तीसगढ़ के लोगों में अपनी भाषा, संस्कृति, खेलखुद, खान-पान व रहन सहन के प्रति आत्मविश्वास जागा था, लेकिन आज भाजपा सरकार में योजनाओं को बंद किया जा रहा है। आज इस आयोजन में हमारी मातृशक्ति हमारे संस्कृति की संवाहक है तथा युवा इसके संरक्षक ग्राम पाउवारा में उसकी स्पष्ट तस्वीर देखने को मिली है। उन्होंने आयोजक, विजेता, प्रतिभागियों को बधाई दी तथा सभी को खेल भावना के साथ एक दूसरे के प्रति आदर भाव रखने को कहा। उल्लेख हो की ग्राम पाऊवारा में 27 जुलाई 2025 को जनपद ट्रॉफी का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में, पांच गांवों की महिलाओं ने कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया, और हजारों की संख्या में लोग इस कार्यक्रम को देखने के लिए उपस्थित थे। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक संस्कृति को दर्शाता है और हरेली त्यौहार के उत्साह को और बढ़ाता है ग्राम पाऊवारा में आयोजित जनपद ट्रॉफी में, महिला कबड्डी प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया. इस आयोजन में, छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं को भी दर्शाया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

■ गेड़ी चढ़कर ग्रामीण संस्कृति को किया जीवंत

### गोठानों को लेकर सरकार पर हमला

पूर्व सीएम ने गोठानों को बंद करने के प्रयासों पर भी बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि बीजेपी एक तरफ गाय पर राजनीति करती है, दूसरी तरफ गोठानों को खत्म करने में लगी है। महिलाओं को गोठान की जमीन खाली करने का नोटिस दिया गया है। अब वहां सामुदायिक भवन बनाने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि गोठान केवल पशुधन का ठिकाना नहीं, बल्कि महिला स्वसहायता समूहों की आजीविका का केंद्र हैं। ऐसे फैसले सीधे-सीधे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रहार हैं। भूपेश बघेल गेड़ी चढ़कर ग्रामीण संस्कृति को जीवंत करते दिखे। यह हमारी कृषि परंपरा और ग्रामीण जीवन की आत्मा है, जिसे हमें हर हाल में संजोकर रखना है।

## खबर संक्षेप



### सिलोदा में सी सी रोड का निर्माण किया गया

अंडा। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा के आश्रित ग्राम सिलोदा में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त के निधि से सीसी रोड निर्माण कार्य 6 लाख दस हजार एवं अधो संरचना विकास एवं पर्यावरण मध्य राशि 5 लाख का कार्य का भूमि पूजन और सी सी रोड का निर्माण किया गया। इस अवसर पर सरपंच अनुसूईया नारायण साहू, बुधराम रावत, नरेश पवार लक्ष्मीबाई राजपूत चित्रलेखा निषाद जितेंद्र सिंह राजपूत आदि लोग भूमि पूजन कर कार्य को शुभारंभ करवाया एवं विधायक महोदय को सभी ग्रामवासी इस कार्य के स्वीकृत करवाने के लिए बहुत-बहुत बधाई दिए। इस अवसर पर सरपंच ने का कि गांव का विकास सबका विकास होगा। भाजपा सरकार के सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा सभी ग्रामीण जनों को।

### नैतिक का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन



डौंडीलोहारा। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरनाभाट, संकुल रानाखुज्जी, वि.ख. डौंडीलोहारा के छात्र नैतिक कुमार पिता चन्दन कुमार का चयन सत्र 2025-26 के लिए प्रयास आवासीय स्कुल अंजोरा दुर्ग में हुआ। नैतिक ने इस सफलता का श्रेय स्कुल के शिक्षक, परिवार का सहयोग और पढ़ाई में निरंतरता को दिया। शाला स्तर पर उन्हें आमन्त्रित कर बच्चों के समक्ष एक प्रेरणा स्त्रोत के रूप में सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक सिद्दीकी सर, शिक्षक टी.एस. देवांगन, गुरुदास शिंपी, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानपाठक अश्विनी देवांगन, युसूफ टंडन और चयनित छात्र के पिता चंदन कुमार भी मौजूद रहे।

### छात्रों ने जाना अंग्रेजी में प्रिपोजिशन की उपयोगिता



बालोद। विद्यार्थियों को अंग्रेजी व्याकरण में प्रिपोजिशन के उपयोग में कठिनाइयों को समझते हुए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के नवाचारी शिक्षक अजय पाठक ने नवाचार के माध्यम से क्रियाकलाप करते हुए विभिन्न प्रिपोजिशन के उपयोग को समझाया। उन्होंने बताया कि प्रिपोजिशन एक ऐसा शब्द होता है जो वाक्य के साथ संज्ञा या सर्वनाम के संबंध को बताता है। इसका उपयोग समय, स्थान, दिशा, स्थिर, गतिशील की सटीक जानकारी प्रदान करता है। प्राचार्य आरके देवांगन ने विद्यार्थियों से प्रश्न कर उनकी परीक्षा ली व सही बताने वाले विद्यार्थियों को तथा नवाचारी शिक्षक को ऐसे ही प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर व्याख्याता रेशमी साहू, हैपशीबा एंथोनी उपस्थित थे।

# ब्रह्माकुमारीज ने मनाया विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस शासन के एक पेड़ मां के नाम थीम पर एवं संस्था के आदिरत्न राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी मनमोहिनी दीदी का पुण्य स्मृति दिवस श्रद्धा एवं सेवा भाव से मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भ्राता इकबाल अरोरा प्रतिष्ठित व्यवसायी डौण्डीलोहारा थे। सर्वप्रथम अतिथि स्वागत पश्चात मुख्य अतिथि भ्राता इकबाल अरोरा, टुमन लाल साहू अधिवक्ता, चंदर सिंह सेवानिवृत्त प्रधान पाठक, ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी, चन्द्रलता दीदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सेवा केन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सीमा ने बताया कि प्रतिवर्ष 28 जुलाई को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। प्रकृति संरक्षण में वृक्षों का बहुत बड़ा योगदान है। जिसे पौधरोपण कर पूरा किया जा सकता है। वृक्ष, प्रकृति के तत्वों थल, जल, वायु प्रदूषण दूर करने में सहायक है। वृक्ष वातावरण से विषैली गैस कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर हमें जीवनदायिनी आक्सीजन गैस देती है। वृक्षों से हमें शीतलता, फल, फूल, भोजन, कपड़ा, औषधि आदि प्राप्त होती है। प्रकृति हमें हर वो चीज देती है जो हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। अतः हमें प्रकृति संरक्षण के लिए पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। पौधा लगाने के साथ ही हमें उसके सुरक्षा, परवरिश पर भी ध्यान रखना चाहिए। जिस प्रकार हम वृद्ध माता-पिता की देखरेख, भरण-पोषण कर सुरक्षा प्रदान करते हैं।

उसी तरह रोपे गए पौधे की परवरिश करना, सुरक्षा देना हम सबका कर्तव्य है। इकबाल अरोरा ने कहा कि रोपे गए पौधे को गोद लेकर अपने पुत्र के समान परवरिश करना चाहिए। मुख्य अतिथि भ्राता इकबाल अरोरा द्वारा दीदी मनमोहिनी के नाम पर एक नीम का पौधा रोपण किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने मनमोहिनी दीदी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पौधरोपण के इच्छुक भाई बहनों को नीम, आंवला, जाम का पौधा वितरित किया गया।

# कारगिल विजय दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



भारत पाकिस्तान के बीच ऐतिहासिक युद्ध कारगिल में भारत के 527 जवानों की शहादत को याद करते हुए शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में चित्रकला का आयोजन किया गया।

कारगिल युद्ध की सफलता सैनिकों की अद्वितीय पराक्रम एवं विद्यालय के बच्चों को भविष्य में देश सेवा करने सेना में जाने हेतु युद्ध की घटनाक्रम को फिल्म के माध्यम से दिखाया गया। संस्था के प्राचार्य एल के ठाकुर ने सैनिकों की वीरता को बताया एवं गीत के माध्यम से विद्यार्थियों को देश प्रेम हेतु प्रेरित किया गया। व्याख्याता डी आर साहू ने भारत की भौगोलिक दशा को बताते हुए देश की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। व्याख्याता अविनाश कुमार साहू ने देश की सैन्य ताकत और इसके महत्व को बताते हुए बच्चों को सेना और पुलिस की विभिन्न इकाई में भर्ती प्रक्रिया को बताया गया। व्याख्याता आर एन योगी ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने दुश्मन देश और विदेशी ताकत को भी अपने साहस से पराजित कर दिया। कारगिल युद्ध की सफलता को बताते हुए संस्था के व्याख्याता पी के मेश्राम, आर एस देशमुख, श्रीमती आर मंडल, सी नंदा, राकेश कोठारी, एनुका शार्वा, सूर्योदय मानिकपुरी, डामन देशमुख, उपस्थित रहे।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर निकुम में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में एवं खंड चिकित्सा अधिकारी निकुम डॉ. एन. एल. बंजारे के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कुल 36 हेल्थ केअर वर्कर्स के हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच की गई। साथ ही अस्पताल में आए मरीजों को पंपलेट का वितरण कर हेपेटाइटिस से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई ताकि आमजन इस रोग के प्रति सतर्क एवं जागरूक हो सकें। इस कार्यक्रम का समन्वय विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक राजेन्द्र वर्मा एवं ग्रामीण चिकित्सा सहायक तृप्ति तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. ज्योति धुर्व, डॉ. धर्मेंद्र मार्कण्डेय, बीईटीओ गणेश राम भुआर्य, विक्रम रामटेके, सोमित रंगारी, बीएएम हरिकिशन धृतलहरे, बीडीएम नोहरलाल देवांगन, ओमप्रकाश यादव, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट ज्योति यादव, ब्लॉक के समस्त महिला एवं पुरुष सुपरवाइजर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना एवं समय पर जांच एवं उपचार को बढ़ावा देना था।

# केन एकेडमी के पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



केन एकेडमी इंग्लिश स्कूल में छात्र संघ शपथ समारोह हुआ। इसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य धनंजय मोरे, सहायक प्राचार्य गोपी साहू थे। शपथ समारोह में शाला नायक के रूप में कृष्णकांत साहू, शाला नायिक रोशनी गंगवशी को बनाया गया। वहीं खेल प्रभारी गौरव कुमार कप्तान व वंशिका उपकप्तान ने शपथ ली।

इस दौरान कक्षा आठवी से कप्तान शुभम देवांगन, उपकप्तान चित्रणी राजपूत, उपकप्तान इंशात गंजीर, अनुशासन प्रभारी श्रेय राठी, कक्षा छटवी अ से कक्षा कप्तान चित्रंश मंडावी, उपकप्तान होशिका साहू, अनुशासन प्रभारी दृष्टि साहू, कक्षा छटवी ब से कक्षा कप्तान रूद्व कुमार साहू उपकप्तान मौर्य देवांगन, अनुशासन प्रभारी मानस सिन्हा, पांचवी अ से कक्षा कप्तान देवाशिश पटेल, उपकप्तान होमेन्द्र यादव, अनुशासन प्रभारी डाली, कक्षा पांचवी ब से कक्षा कप्तान पोशिका, उपकप्तान रूपल गोयल, अनुशासन प्रभारी रितेश कुमार साहू, कक्षा चौथी अ से कक्षा कप्तान चेतन सिन्हा, उपकप्तान भव्य देवांगन, अनुशासन प्रभारी चांदनी को बनाया गया है। कक्षा चौथी ब से कक्षा कप्तान वान्या जंघेल, उपकप्तान निरजा पटेल, अनुशासन प्रभारी तिशिका सिन्हा, कक्षा तिसरी अ से कक्षा कप्तान डिकांशी साहू, उपकप्तान अंकित रावटे, अनुशासन प्रभारी हर्शिता, कक्षा दूसरी अ से कक्षा कप्तान खिलेश्वर पटेल, उपकप्तान किजंल जाहिरे, अनुशासन प्रभारी नीलाक्ष नेताम, कक्षा दूसरी स से कक्षा कप्तान तेजस यादव, उपकप्तान तोशिमा अनुशासन प्रभारी वैदेही तिवारी, कक्षा पहली अ से कक्षा कप्तान हर्शाली सहरे, उपकप्तान भूमिका साहू, अनुशासन प्रभारी अमन बी इसी प्रकार कक्षा पहली ब से कक्षा कप्तान लावण्या साहू, उपकप्तान ओजस साहू, अनुशासन प्रभारी ललिता सौद, कक्षा पहली स से कक्षा कप्तान तृशा धनकर, उपकप्तान उन्नति साहू व अनुशासन प्रभारी सक्षम जंघेल ने शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन वैभव सोनी व प्रियंका कौशिक ने किया।

### गांजा बेचते अधेड़ को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। गांजा बेचते पुलिस ने एक अधेड को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोटिया चौक दुर्ग, शिव मंदिर गार्डन के पास वार्ड 54, पोटियाकला आबादीपारा दुर्ग निवासी शेषनारायण वर्मा उर्फ जुगनू को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने गांजा वजन 1.100 किलोग्राम 5 हजार 500 रूपये, गांजा बिक्री रकम 500, मोबाईल 15 हजार रूपये का जब्त किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## पूर्व माध्यमिक शाला में बाल संसद यूथ का गठन

# भानेश्वरी पीएम और हिमांशी बनीं गृहमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा



विकासखण्ड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा के पूर्व माध्यमिक शाला में बाल संसद यूथ एवं इको क्लब सदस्य का लोकतांत्रिक प्रणाली से चुनाव किया गया।

इसमें प्रधानमंत्री भानेश्वरी कक्षा आठवीं, अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार कक्षा आठवीं, गृहमंत्री हिमांशी कक्षा आठवीं, शिक्षामंत्री प्रीति आठवीं, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री ईशु आठवीं, मध्यान्ह भोजन मंत्री गीताजंलि आठवीं, पुस्तकालय मंत्री केशरी सातवीं, खेल मंत्री तनमय आठवीं, कृषि एवं बागवानी मंत्री ओमप्रकाश आठवीं, सांस्कृतिक मंत्री मिनाक्षी सिन्हा सातवीं, कक्षा नायक छठवीं जानवीं, उपकक्षा नायक भावेश, कक्षा नायक सातवीं चंचल नेताम, उपकक्षा नायक धनंजय, कक्षा नायक आठवीं संध्या, उपकक्षा नायक मयंक चुने गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने नेमप्लेट व बैच लगाकर स्वागत सम्मान कर उनके दायित्व व जिम्मेदारी को बखूबी निभाने के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बाल संसद यूथ क्लब और इको क्लब के उद्देश्य व गतिविघियों की जानकारी देते हुए बताया कि यूथ क्लब और इको क्लब के जरिए छात्रों में जीवन कौशल नेतृत्व क्षमता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित की जाती है। इन क्लबों की गतिविधियों से छात्रों में आत्मविश्वास और आत्मसम्मान भी बढ़ता है। इस अवसर दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य, गांधीराम बघेल नारायण सिंह कोठारी, भूमिका मोवाड़े उपस्थित रहे।

### खाते से 1.19 लाख पार

भिलाई। खाते से अज्ञात ने लाखों रुपए का ठगी किया। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 9 भिलाई निवासी संजीव जैन का हुडको मंगलवार बाजार में मेरा मोबाइल गुम हो गया था। 18 जुन को अपने गुम हुआ था उसमे बैंक खाते का यूपीआई था। दोबारा उसी नंबर को आबंटन कराया गया।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



■ बोटाक्स-फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411